# यूपी में तीरंदाजी को मिल रही नई रफ्तार: अर्जुन मुंडा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने तीरंदाजी लीग को लेकर उत्तर प्रदेश की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी का कार्य सराहनीय ढंग से आगे बढ़ रहा है। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार से शुरू हुई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को लखनऊ पहुंचे अर्जुन मुंडा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट के माध्यम से देशभर में प्रतिभाओं की खोज की जाती है, ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ाया जा सके। अर्जुन मुंडा ने कहा कि दूरदराज के गांवों से आने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा देखकर यह स्पष्ट है कि ऐसे आयोजन खेलों के लिए नया वातावरण तैयार करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे देशभर के खिलाड़ी उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से करीब 350 महिला तीरंदाज पदक के लिए अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं, जबकि उत्तर प्रदेश से 44 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदेश में तीरंदाजी को नई गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों से निकल रही प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

### प्रयागराज में अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को किया खंडित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के कौंधियारा थाना क्षेत्र में स्थित उमरी गांव में संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा खंडित कर उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना एक मार्च की सुबह सामने आई, जब ग्रामीणों ने प्रतिमा को अपने स्थान से गायब पाया। सूचना मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने प्रशासन से नई प्रतिमा स्थापित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना पर कौंधियारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि प्रतिमा खंडित कर ले जाने की सूचना पर तत्काल जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही ग्रामीणों की मांग के अनुरूप नई प्रतिमा स्थापित कराने का आश्वा. सन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# भ्रष्टाचार और घोटाले के विरुद्ध 1664 दिनों से सत्याग्रह जारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जौनपुर जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाले, भ्रष्टाचार और पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ चलाया जा रहा सत्याग्रह आन्दोलन लगातार 1664वें दिन भी जारी रहा।

आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त के नेतृत्व में 9 अगस्त 2021 से चल रहे इस अनवरत धरने के माध्यम से भूमि अधिग्रहण में हुई अनियमितताओं और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के फर्जी निस्तारण का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया जा रहा है।

यशवन्त कुमार गुप्त ने स्पष्ट किया कि यह आन्दोलन जांच के मुख्य बिंदुओं पर अडिग है और समस्या के समाधान तक जारी रहेगा। सत्याग्रह के दौरान सिरक. ोनी बाजार (इजरी) में हुई भीषण डकैती के अभियुक्तों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई। इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा, शेषमणि मौर्य, रेखा गौतम, रमेश त्यागी, शेर बहादुर सिंह, नन्दलाल रावत, राम बहाल यादव, आदित्य नारायण शर्मा, उदय प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, अमरेश कुमार पाण्डेय अधिवक्ता, राम आसरे विश्वकर्मा, राजितराम यादव, विजय प्रकाश मिश्र, प्रेम प्रकाश मिश्र सहित दर्जनों समर्थकों ने उपस्थित होकर आन्दोलन को अपना समर्थन दिया।

# प्रयागराज में किन्नरों ने अबीर गुलाल उड़ा कर खेली होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** होली का पर्व नजदीक आते ही पूरे देश में अबीर-गुलाल और रंगों की रौनक शुरू हो गई है। जहां मथुरा और बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है, वहीं संगम नगरी प्रयागराज में किन्नरों की होली अपनी अलग पहचान रखती है। प्रयागराज स्थित सनातनी किन्नर अखाड़ा में पांच दिनों तक रंगोत्सव मनाया जाता है।

होली की शुरुआत किन्नर समुदाय अपनी इष्ट देवी बहुचरा माता की पूजा-अर्चना से करते हैं। सबसे पहले बहुचरा मां को अबीर-गुलाल अर्पित किया जाता है, इसके बाद भगवान शंकर को रंग अर्पित कर उत्सव की विधिवत शुरुआत होती है। पूजा के उपरांत किन्नर होली गीतों और भजनों पर नाचते-गाते एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। इस दौरान फूलों से भी होली खेली जाती है, जिससे वातावरण भक्तिमय और रंगमय हो उठता है। रविवार को अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां ने भी अपने शिष्यों के साथ उत्साहपूर्वक होली खेली। किन्नर समुदाय न केवल स्वयं रंगों में सराबोर दिखा, बल्कि वहां आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों को भी अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

# काशी ने रचा नया वैश्विक कीर्तिमान एक घंटे में रोपे 2,51,446 पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अपना नाम अंकित कर लिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' ने एक घंटे में 2,51,446 पौधे सफलतापूर्वक रोपकर चीन के आठ वर्ष पुराने विश्व रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषि नाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को यह नया कीर्तिमान प्रमाणित करते हुए आधिकारिक प्रमाण-पत्र सौंपा। गिनीज टीम सुबह से ही मौके पर मौजूद रही और ड्रोन कैमरों तथा आधुनिक डिजिटल गणना प्रणाली के माध्यम से रोपण की सटीक पुष्टि की गई। अब तक एक घंटे में सर्वाधिक पौधरोपण का रिकॉर्ड चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिग इंजीनियरिग कंपनी के नाम था, जिन्होंने 10 मार्च 2018 को 1,53,981 पौधे रोपे थे। वाराणसी ने मियावाकी तकनीक और विशाल जनभागीदारी के माध्यम से न केवल इस रिकॉर्ड को तोड़ा, बल्कि इसे काफी पीछे छोड़ दिया। प्रत्येक सेक्टर का नाम काशी के प्रसिद्ध गंगा घाटों-दशाश्वमेध, ललिता, नया, मणिकर्णिका, केदार, चौशट्टी, मानमंदिर और शीतला आदि-के नाम पर रखा गया है। भविष्य में ए वृक्ष विकसित होकर गंगा तट पर 'मिनी काशी' का हरियाली से भरा स्वरूप प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में औसतन 4,000 से अधिक पौधे रोपे गए। इनमें शीशम, अर्जुन, सागौन, बांस जैसी 27 देशी प्रजातियां, आम, अमरूद, पपीता जैसे फलदार वृक्ष तथा अश्वगंधा, शतावरी, गिलोय जैसी औषधीय प्रजातियां शामिल हैं। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ नगर निगम के लिए भविष्य में आय का ोत भी बनेगी। इस ऐतिहासिक अभियान में भारतीय सेना (39 जीटीसी, 34 जीटीसी, 39 जीआर, 137 सीएप टीएप -टीए), एनडीआरएफ, सीआरपीएफ, नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश पुलिस (36 व 39 वाहिनी पीएसी), नमामि गंगे, वन विभाग, कृषि विभाग, डूडा और नगर निगम की टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। काशी विद्यापीठ, यूपी कॉलेज, देहरादून पब्लिक स्कूल, मुकुलारेंडम स्कूल के हजारों छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने इसे जन-आंदोलन का रूप दिया। कार्यक्रम में बीएचयू के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी, महापौर अशोक कुमार तिवारी, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, अश्वनी त्यागी तथा नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल उपस्थित रहे।

# कॉलेज ऑफ नर्सिंग का सालाना 'स्पंदन' लखनऊ कैंट में सम्पन्न




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कमान हॉस्पिटल, मध्य कमान, लखनऊ छावनी स्थित मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह ऑडिटोरियम में अपने वार्षिक दिवस 'स्पंदन' का शानदार प्रदर्शन किया। इस सांस्कृतिक उत्सव में नई युवा सैन्य नर्सिंग कैडेटों के बीच पाठ्येतर गति. विधियों के लिए गहरा जुनून दिखा।

सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। कार्यक्रमों की शुरुआत नर्सिंग कैडेटों द्वारा तैयार की गई शानदार आर्टिस्टिक चीजों के प्रदर्शन से हुई। इस फंक्शन में लखनऊ गैरिसन के सीनियर ऑफिसर्स और उनकी लेडी वाइव्स शामिल हुए। इवेंट में कैडेटों की शानदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों का मन मोह लिया। चीफ गेस्ट ने नर्सिंग कैडेट प्रमिला को कॉलेज कलर्स ट्रॉफी और एक्विला हाउस को बेस्ट हाउस ट्रॉफी दी, जिन्होंने इंटर-हाउस कॉम्पिटिशन में सबसे ज्यादा पॉइंट्स हासिल किए, जिसमें हॉबीज, ड्रामा और लिटरेरी कॉम्पिटिशन शामिल थे। चीफ गेस्ट ने सभी नर्सिंग कैडेटों को उनके शानदार टैलेंट के लिए बधाई दी और कैडेटों के पूरे विकास के लिए ऐसी एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के महत्व पर जोर दिया।

# शिक्षकों के टीईटी की समस्या का समाधान तत्काल निकालें: इप्सेफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इप्सेफ ने यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन यू पी के आंदोलन को पूरा समर्थन दिया है। इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस बी सिंह महासचिव प्रेमचंद एवं उप महासि. चव अतुल मिश्रा ने इप्सेफ की ऑनलाइन बैठक करके यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन के आंदोलन को पूरा समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि टीचर्स के टीईटी की समस्या का मिल बैठकर समाधान निकाले।

पुराने शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा देने का कोई औचित्य नहीं है। शिक्षकों की नाराजगी सरकार के लिए महंगी साबित होगी।इप्सेफ द्वारा यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन के आंदोलन को समर्थन दिया है ।सभी राज्यों के अध्यक्ष/महामंत्री से आंदोलन को सहयोग देने का निर्देश दिया है।

# सुलतानपुर में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 28 फरवरी की रात्रि थाना बल्दीराय पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि एक बदमाश अवैध शस्त्र के साथ पारा की ओर जा रहा है।

पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। गिरफ्तार आरा. ेपी की पहचान आदर्श सिंह निवासी ग्राम डोभियारा, थाना हलियापुर, जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई है। वह थाना हलियापुर से वांछित था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा -315 बोर, एक खोखा कारतूस तथा एक जिदा कारतूस बरामद किया गया है।

# खामेनई की शहादत पर आगरा-जौनपुर में आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा/जौनपुर।** ईरान ने सर्वोच्च नेता अली खामेनई की मौत की खबर के बाद आगरा में शिया समुदाय के लोगों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन किया। रविवार को थाना न्यू आगरा क्षेत्र स्थित शहीद-ए-सालिस की दरगाह पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं।

प्रदर्शनकारियों ने दरगाह परिसर में अमेरिका और इजरायल का पुतला फूंका और घटना के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद शिया समुदाय के लोग दरगाह परिसर से निकलकर सड़क पर आ गए और विरोध प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया, जिससे कुछ समय के लिए हल्की खींचतान की स्थिति बन गई। हालांकि स्थिति शीघ्र ही नियंत्रण में आ गई और कुछ देर बाद सभी प्रदर्शनकारी वापस लौट गए। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। वहीं जौनपुर में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनई की शहादत की खबर फैलने के बाद रविवार को मुस्लिम समाज के बीच गहरा शोक और आक्रोश देखा गया। विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजराइल के खिलाफ नारेबाजी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शहर के सदर इमामबारगाह पर धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैदी की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां लेकर विरोध जताया और घटना की कड़ी निंदा की। मौलाना जैदी ने कहा कि रहबर की शहादत केवल ईरान का नहीं बल्कि पूरी उम्मत का नुकसान है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से निष्पक्ष जांच की मांग की। इसी तरह शिया समुदाय के लोग बड़ी संख्या में कल्लू के इमामबाड़ा पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी रही। लोगों में गुस्सा स्पष्ट दिखाई दे रहा था और अमेरिका व इजराइल के खिलाफ नारे लगाए गए। शिया धर्मगुरु मौलाना मोहम्मद रजा ने कहा कि इस घटना ने विश्व स्तर पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि समुदाय अमन और इंसाफ की मांग करता है तथा अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाता रहेगा।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में खेली जाएगी फूलों की होली

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर के शंक. राचार्य चौक में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए 'पुष्प होली' का आयोजन किया जाएगा। म के सभागार में शनिवार को होली उत्सव की तैयारियों को लेकर आला अधिकारियों, सीआरपीएफ, निजी सुरक्षा एजेंसियों तथा धाम में कार्यरत निजी सफाई एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व के दिन पुष्प वर्षा के माध्यम से भक्तजन आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में होली उत्सव में भाग ले सकेंगे। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया कि श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं आध्यात्मिक माहौल में होली का आनंद प्राप्त हो। कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इसके अलावा 4 मार्च को होली पर्व की गरिमा बनाए रखते हुए कलाकारों द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इनमें भजन, होली गीत एवं पारंपरिक नृत्य शामिल रहेंगे। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में पर्व का आनंद प्रदान करना है। सुरक्षा के मद्देनजर धाम परिसर में पर्याप्त पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। सीआरपीएफ तथा निजी सुरक्षा एजेंसियों के माध्यम से प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से भी निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रयागराज में होली पर्व को लेकर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होली पर्व को लेकर इस बार कड़ी और बहुस्तरीय सुरक्षा योजना लागू की गई है। जिले में कुल 4132 स्थानों पर होलिका दहन होगा, जिनमें से 114 स्थलों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन स्थलों को पूर्व वर्षों में हुए विवादों और घटनाओं के आधार पर चिन्हित किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर एक उपनिरीक्षक और दो कांस्टेबल तैनात रहेंगे। सभी थाना प्रभारियों को पिकेट ड्यूटी सुनिश्चित करने तथा आयोजन समितियों के संपर्क में रहकर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। शहर क्षेत्र में जॉर्जटाउन, खुल्दाबाद, लकड़मंडी, कोतवाली और मुठीगंज को संवे. दनशील श्रेणी में रखा गया है। इसके अतिरिक्त नवाबगंज, मऊआइमा, मांडा और करेली क्षेत्रों में भी विशेष निगरानी रहेगी।

आवश्यकता पड़ने पर रिजर्व फोर्स की तैनाती की जाएगी। संवे. दनशील थानों में क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है, जिसमें दो उपनिरीक्षक और पांच कांस्टेबल शामिल हैं। इन टीमों को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। शहर में लगे लगभग 1146 सर्विलांस कैमरों की लाइव फीड दो मार्च की शाम से इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से मॉनिटर की जाएगी। इसके लिए शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है और एक सहायक पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी को नोडल बनाया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की आशंका को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस तथा तीनों जोन की सोशल मीडिया सेल को विभिन्न प्लेटफॉर्म की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। आपत्ति. जनक पोस्ट या भड़काऊ सामग्री सामने आने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### होली से पहले बलवा ड्रिल के जरिये पुलिस ने परखी सुरक्षा तैयारियां

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में आगामी होलिका दहन, होली एवं ईद के त्योहारों के मद्देनजर शांति, सौहार्द एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रिजर्व पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इसमें सेंट्रल जोन के समस्त थानों से आए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। ड्रिल के दौरान किसी भी संभावित आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने तथा त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का अभ्यास कराया गया। पुलिस बल को दंगा नियंत्रण की मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) के अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास में भीड़ नियंत्रण, क्षेत्र की घेराबंदी, उपद्रवियों की पहचान तथा विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत गिरफ्तारी की कार्रवाई का चरणबद्ध प्रदर्शन किया गया। साथ ही अश्रु गैस, रबर बुलेट, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट एवं शील्ड जैसे दंगा नियंत्रण उपकरणों के सुरक्षित और नियंत्रित प्रयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। वायरलेस संचार प्रणाली के माध्यम से आपसी समन्वय, त्वरित सूचना आदान-प्रदान तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के पालन का अभ्यास भी कराया गया। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने, नियमित गश्त बढ़ाने तथा फ्लैग मार्च सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति अपनाई जाएगी तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### एम.ए.पी.एस का हर छात्र शाइन करेगा: राजेन्द्र

**लखनऊ।** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, मोती नगर ब्रांच के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि राजेंद्र अग्रवाल ने विद्यालय के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने सभी को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को कड़े परिश्रम एवं लक्ष्य निर्धारण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि छात्र एवं शिक्षक दोनों पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य करें तो निश्चित रूप से एम.ए.पी.एस का हर छात्र शाइन करेगा। विद्यालय के प्रबंधक सुधीर एस. हलवासिया ने छात्रों एवं अभिभावकों को जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित यह एक चौरिटेबल स्कूल है तथा विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत होली का रंगा. रंग आयोजन भी किया गया, जिसमें फूलों की होली खेली गई तथा उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल एवं पुष्प अर्पित कर प्रेम, सौहार्द एवं उत्साह के साथ होली पर्व का आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष लोकराम अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जिन्दल, संयुक्त मंत्री अमित अग्रवाल, प्रधानाचार्या रूचि पुरी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वच्छ होली का संकल्प, सुएज और जलकल विभाग की संयुक्त पहल

**लखनऊ।** होली के त्योहार को देखते हुए सुएज एवं जलकल विभाग की टीम ने शहरभर में सीवर सफाई अभियान चलाया है। खासकर पुराने इलाकों की संकरी गलियों में, जहां बड़ी मशीनों से सफाई संभव नहीं है, वहां सुएज द्वारा रोबोटिक तकनीक के माध्यम से सीवर सफाई का कार्य कराया जा रहा है।शहर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या न हो, इसके लिए सुएज एवं जलकल विभाग के कर्मचारी 24 घंटे मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सुएज के पीआर मैनेजर अक्षत सक्सेना ने बताया कि होली के त्योहार से पहले हमारी टीम पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी प्रकार की सीवर समस्या उत्पन्न न हो जिससे त्योहार का रंग फीका पड़े। इसके अलावा, हमने एक विशेष टीम भी तैयार की है जो त्योहार वाले दिन भी उपलब्ध रहेगी, ताकि यदि कहीं कोई सीवर संबंधित समस्या आती है तो उसे तत्काल प्रभाव से दूर किया जा सके। इस विशेष अभियान का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे होली का पर्व बिना किसी परेशानी के मना सकें।

### संविदा कर्मियों पर दबाव बनाकर 33 केवी का कार्य कराया जा रहा: पाण्डेय

**लखनऊ।** संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र पाण्डेय नें कहा कि जानकीपु. रम जोन के कल्याणपुर विद्युत उपकेंद्र पर 11 के वी एवं एल टी में तैनात 48 वर्षीय परशुराम रावत की विद्युत दुर्घटना में मौत हो गई। बताते चलें कि वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद 33 के वी के कार्यों के लिए नियमित कर्मचारियों कि तैनाती किया गया था लेकिन अधिकारियों द्वारा 33 के वी के कार्यों को 33 के वी में तैनात नियमित कर्मचारियों से कराने के स्थान पर 11 के वी एवं एल टी में तैनात संविदा कर्मचारियों से कराया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ एक अवर अभियन्ता को 33 के वी के 8 से 10 विद्युत उपकेंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है जिन्हें लाइनों कि सही जानकारी नहीं है जो बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों के दुर्घटना का कारण बन रहा है। ऐसा ही घटना 17 फरवरी 2026 को मध्य जोन के अपट्रान विद्युत उपकेन्द्र पर देखने को मिला जहां 11 के वी एवं एल टी में तैनात संविदा कर्मचारी संदीप को अवर अभियन्ता 33 के वी द्वारा बस बार में कार्य कराने के दौरान दुर्घटना हुई जो लखनऊ के शिप्स हास्पिटल में जिन्दगी और मौत से जूझ रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ यह मांग करता है कि जानकीपुरम जोन के कल्याणपुर विद्युत उपकेंद्र पर हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा 11 के वी एवं एल टी में तैनात संविदा कर्मचारियों से 33 के वी का कार्य न कराया जाए तथा मृतक के परिजनों को अतिशीघ्र दुर्घटना हित लाभ देते हुए परिवार के एक सदस्य को कार्य पर लिया जाए।

# शहीद होकर भी दिलों में जिंदा रहेंगे खामेनेई

## रहबर की शहादत नहीं जाएगी बेकार, शहादत पर गूंजा एहतिजाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ईरान के काइद अली खामेनेई की शहादत पर मुस्लिम समाज में आक्रोश और शोक की लहर दौड़ गई।

रविवार दोपहर मोहल्ला शफातपोता स्थित अशरफुल मस्जिद में एक ताजयती जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने शहीद रहबर को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए अमेरिका और इजरायल के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। कहा कि शहादत आले मोहम्मद की विरासत है। जलसे की अध्यक्षता कर रहे इमाम जुमा-वल-जमात डॉ. सैय्यद मोहम्मद सियादत नकवी ने कहा कि शहीद रहबर ने राह-ए-हक में जुल्म के खिलाफ बगावत की और एक शेर की तरह अपनी शहादत पेश की। उन्होंने कहा कि शहादत हमारी विरासत है और मौला हुसैन की सुन्नत पर अमल करते हुए रहबर ने अपने घराने को भी हक की राह में कुर्बान कर दिया। जलसे में अन्य वक्ताओं ने सऊदी अरब के हुक्मरानों की नीतियों की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने तीखे शब्दों में कहा कि जो लोग जालिमों और के सामने घुटने टेक रहे हैं, वे दीने इस्लाम के गद्दार हैं। कहा कि खामेनेई एक ऐसा बहादुर योद्धा थे, जिसका नाम सुनकर अमेरिका और इजरायल के हलक में फंदा लग जाता था। आरोप लगाया गया कि दुश्मन में सामने से लड़ने की हिम्मत नहीं थी, इसलिए धोखे से फिजाई हमले (हवाई हमले) में उन्हें उनके अहले-खाना (परिवार) के साथ शहीद किया गया। जलसे में शिया, सुन्नी, देवबंदी और बरेलवी सहित हर तबके के हक-पसंद लोग शामिल हुए। छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों में शहीद रहबर की तस्वीरें थामी हुई थीं और सबकी आँखें नम थीं। वक्ताओं ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि दुश्मन की यह सोच अहक.ाना (मूर्खतापूर्ण) है कि एक खामेनेई को शहीद कर वो हमें कमजोर कर देंगे; यहाँ हक की राह में शहादत पाने के लिए हजारों खामेनेई बेकरार हैं।





# खामेनेई की शहादत पर निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई की शहादत की खबर फैलते ही नगर में गहरा शोक व्याप्त हो गया। खबर सुनते ही लोगों की आंखें नम हो गई व पूरे कस्बे में सन्नाटा पसर गया। शिया समुदाय के लोगों ने अपने नगर में जुलूस निकालकर उनकी शहादत का गम मनाया। नगर के हफ्ता बाजार से जुलूस शुरू हुआ। जो नगर के विभिन्न मार्गो व मौहल्लों से होता हुआ वापस यहीं पहुंचा। इस दौरान वक्ताओं ने ईरान प्रमुख आयतुल्ला खामेनेई की शहादत पर रंजा.ेगम का इजहार किया। वक्ताओं ने कहा कि शहादत का शरफ सबको नसीब नही होता जालिम ताकतवर मुल्क अमेरिका और इसराइल के आगे ईरान ने कभी सर नही झुकाया और न ही कभी उससे मदद मांगी। सय्यद अली खामेनई ने अमेरिका के हाथ मे बैयत नही की और शहादत को मंजूर किया।

# गम की फिज़ा में निकला जुलूस, नम आंखों से दी गई खिराजे अकीदत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली**। नगर में ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई की शहादत पर शनिवार को शोक एवं विरोध स्वरूप एक विशाल एहतेजाजी जुलूस निकाला गया। जुलूस में नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। बच्चे, जवान और बुजुर्ग सभी हाथों में बैनर और तख्तियां लिए शामिल हुए और शोक के साथ विरोध भी दर्ज कराया।

जुलूस की शुरुआत दादे मियां की दरगाह से हुई। यहां पर लोगों ने फातिहा पढ़ी और मरहूम के लिए दुआएं कीं। इसके बाद जुलूस गुलशन मस्जिद, हुसैनी चौक और घण्टा घर होते हुए सम्भल-हसनपुर मुख्य मार्ग से गुजरा। पूरे मार्ग में लोगों ने "ईरान जिंदाबाद" और "अमेरिका व इसराइल मुर्दाबाद" के नारे लगाए। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल भी तैनात रहा। जुलूस का समापन पीर जी इमामबा.रगाह पर हुआ, जहां मौलाना कम्बर अली और मौलाना हसन रजा ने तकरीर की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई ने पूरी दुनिया में मजलूमों की आवाज बुलंद की और इस्लामी उम्मत को एकता का संद.ेश दिया। वक्ताओं ने लोगों से सब्र, अमन और भाईचारे के साथ अपने जज्बात का इजहार करने की अपील की। इस अवसर पर कुमैल असगर, हसन मेहदी, शुएब रजा, फजले अब्बास, जावेद रजा, फहीम हैदर, मजहर अहसन, मुहम्मद अब्बास समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



# तीन अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट

## नौ आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के गांव में तीन अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं की प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में मारपीट की घटना 08 जनवरी को हुई थी। यहां के निवासी मीरहसन को गांव के ही इसराईल, इश्ताक, फिरोज व ईसाक ने मारपीट करके घायल कर दिया। रविवार को पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने एक दूसरे मामले में शहबाजपुर डोर निवासी रो.हिल पुत्र जाहिद की तहरीर पर गांव निवासी फैजान, शोएब, आदिल व रिसाल के विरूद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि 23 फरवरी को मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ में रोहिल के साथ आरोपियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरी मारपीट की घटना थाना क्षेत्र के गांव बहलोलपुर की है। यहां के रहने वाले संजय सिंह का आरोप है कि 27 फरवरी में वह अपनी जमीन देखने गया था, आरोप है कि जमीन के पास में ही रहने वाले गुरजीत ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया।

# औद्योगिक गलियारे को नहीं दी जाएगी जमीन

## मंगरोला में भाकियू अम्बेडकर की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। किसानों ने गंगा एक्सप्रेसवे के औद्योगिक गलियारे में सरकार द्वारा ली जा रही जमीन को न देने की घोषणा की है।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर की पंचायत ग्राम मंगरोला में आयोजित की गई। पंचायत में किसानों ने कहा कि सरकार ने धोखे से उनकी जमीन को ले लिया है। अब गंगा एक्सप्रेस में औद्योगिक गलियारे में सरकार द्वारा ली जा रही जमीन को सुई की नोंक के बराबर भी नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर किसानों में भारी विरोध है। यदि अधिकारियों ने जमीन लेने में जोर जबरदस्ती करने का प्रयास किया तो आंदोलन भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गलियारे के लिए प्रस्तावित जमीन को किसी भी कीमत पर नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 9 मार्च को जिलाधिकारी अमरोहा का हजारों की संख्या में किसान पहुंचकर घेराव करेंगे। माय औद्योगिक गलियारे की चिन्हित भूमि पर मकान बनाये जाने की सूचना पर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव व कोतवाल राजेश कुमार तिवारी पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। भाकियू बीआर अंबेडकर का कहना है कि किसान अपने खेत में मकान बना रहा है। अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रोकने की कोशिश की गई है। लेकिन किसान अब सरकार को जरा सी भी जमीन नहीं देंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी, मलखान सिंह, जगत सिंह, सोनू सिंह, हिमांशु, अमरजीत, सोनू गुर्जर, सोमपाल सिंह, किरनपाल सिंह, सुधीर शर्मा, राजेश, मुस्तकीम, हर्ष सिंह, हसरूद्दीन आदि मौजूद थे।



# अुर्जन सिंह अध्यक्ष व वीरेन्द्र बने प्रबंधक

## नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, रजबपुर की प्रबंध समिति का दुर्जन सिंह अध्यक्ष व वीरेन्द्र सिंह प्रबंधक निर्वाचित हुए। रविवार को नेहरू स्मारक इंटर कालेज की प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें दुर्जन सिंह को अध्यक्ष तथा वीरेंद्र सिंह को प्रबंधक निर्वाचित किया गया। इसके अलावा अरुण सिंह को उपाध्यक्ष, अमित कुमार को उप प्रबंधक एवं कमल सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रबंध समिति के अन्य निर्वाचित सदस्यों में अभिषेक कुमार, मदन सिंह, गुरवीर सिंह, राणा सिंह, करतार सिंह, लवली कुमार सैनी और सुभाष सिंह शामिल हैं। चुनाव अधिकारी के रूप में डॉ. सत्यपाल सिंह, किसान इंटर कॉलेज, डींगराजपुर ने जिम्मेदारी निभाई, जबकि चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में अनिल यादव, प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल चौरा ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। चुनाव सम्पन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# पेशकार हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने 25 हजार का इनाम किया था घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पेशकार हत्याकांड में डिडौली पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को वह नीलीखेड़ी में फ्लाईओवर के नीचे खड़ा था, जानकारी मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने घेरा.बंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने बाद में उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस चर्चित मामले में इससे पहले चार आरोपियों को जेल भेज चुकी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन जिला सत्र न्यायालय में एक कोर्ट के पेशकार थे। 11 जनवरी की दोपहर वह परिवार के साथ मुरादाबाद जा रहे थे। बंबूगढ़ से आगे पथकोई-हुसैनपुर मार्ग पर पुलिया के पास उनकी कार की गलत दिशा से आ रही एक बाइक से मामूली टक्कर हो गई थी। आरोप है कि इसी बात पर बाइक सवार लोगों ने गांव में फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया था। करीब तीन किमी तक पीछा करने के बाद कार को रुकवाकर राशिद हुसैन को पत्नी व बच्चों के सामने बाहर खींचकर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। परिजनों ने घटना में हुसैनपुर निवासी कलीम को मुख्य आरोपी बनाया था। पुलिस ने कलीम की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था और बाद में उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, नामजद आरोपी शान को पुलिस पहले ही जेल भेजा जा चुकी थी।शनिवार को पुलिस ने नब्बू उर्फ मोहम्मद सादिक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि राशिद हत्याकांड के संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव इटायला माफी निवासी नवाजिश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

# सात वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। क्षेत्र के में एक सात वर्षीय मासूम बच्चे के साथ कुकर्म की शर्मनाक घटना। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल गया था। घर पर उसका 07 वर्षीय पुत्र और 11 वर्षीय पुत्री अकेले थे। आरोप है कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस का ही रहने वाला एक 22 वर्षीय युवक पाइप लाइन बिछवाने के बहाने मासूम को बहला-फुसलाकर अपने खेत पर ले गया। वहाँ आरोपी ने मासूम के साथ जबरन कुकर्म किया। परिजनों के लौटने पर मासूम ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। पीड़ित पिता मासूम को लेकर थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी पुलिस ने पूछताछ के बाद मासूम का मेडिकल कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश जारी है। जब इस बारे में थाना अध्यक्ष विकास सहरावत से बात की तो उन्होंने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी रौनक पुत्र अतर सिंह के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

























## स्कूल के लिए निकली विवाहिता लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। स्कूल के लिए लिए विवाहिता घर नहीं लौटी। पति ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर नवादा के सुमित की शादी गांव मोहम्मदपुर नवादा निवासी रजनी से दो साल पहले हुई थी। वह शनिवार की सुबह स्कूल जाने के लिए निकली थी। रात्रि तक घर वापस नहीं लौटी। तो पति सुमित कुमार ने काफी तलाश की पता नहीं चल पाया। जिस सुमित कुमार ने डिडौली कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। विवाहिता की तलाश जारी है।



